खाटू में जबसे आई मिट गए है दु:ख सारे लिरिक्स

खाटू में जबसे आई,
मिट गए है दु:ख सारे,
तुम ही हो आज से श्याम,
माता पिता हमारे,
खाटू में जबसे आयी,
मिट गए है दु:ख सारे।bd।

तर्ज – तुझे भूलना तो चाहा।

सुनती थी श्याम तुमने,
हारों की ही जिताया,
संकट में प्रेमियों ने,
बाबा तुझे ही पाया,
तेरी दया से टलते,
जीवन के दु:ख सारे,
खाटू में जबसे आयी,
मिट गए है दु:ख सारे।bd।

तेरी दया से सांवरे,
जीवन में ना कमी है,
सूखा पड़ा था जीवन,
तुझसे हुई नमी है,
तेरी कृपा जो हो गई,
हो गए है वारे न्यारे,
खाटू में जबसे आयी,
मिट गए है दु:ख सारे।bd।

यूँ ही चलाते रहना,
जीवन की मेरी नैया,
तुम ही हो मेरे राम अब,
तुम ही हो कन्हैया,
ना होना दूर 'रवि' से,
बालक है हम तुम्हारे,
खाटू में जबसे आयी,
मिट गए है दु:ख सारे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खाटू में जबसे आई,
मिट गए है दु:ख सारे,
तुम ही हो आज से श्याम,
माता पिता हमारे,
खाटू में जबसे आयी,
मिट गए है दु:ख सारे।bd।

Singer – Suhani Agarwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com